राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004

Website www.uniraj.ac.in, Email.acad.2uor@gmail.com

क्रमांक : शैक्षणिक द्वितीय/के.प्र.सं./2024/11568 दिनांकः 18/7/24

कार्यालय आदेश

निर्देशानुसार राजस्थान विश्वविद्यालय के सेन्टर फॉर कनवरजिंग टेक्नोलॉजी विभाग में पंचवर्षीय (10 सेमेस्टर) इन्टीग्रेटेड ड्यूल डिग्री बी.टेक/एम.टेक पाठ्यक्रम एवं संघटक महाविद्यालयों (यथा महाराजा/महारानी/कॉमर्स/राजस्थान) में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (यथा बी.ए./बी.एससी/बी.कॉम/बी.बी.ए./बी.सी.ए/बी.पी.ए./बी.वी.ए.) में सेमेस्टर स्कीम के तहत तीन/चार वर्षीय पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नवीन प्रवेश प्रक्रिया एवं स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के संबंध में केन्द्रीय प्रवेश समिति–2024–25 की बैठक दिनांक 16.07.2024 में निम्नलिखित निर्णय लिए गये।

1. राजस्थान विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों/विभागों में संचालित यू.जी./पी.जी डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों जिनमें मैरिट के आधार पर प्रवेश किया जाता है, में प्रवेश हेतु ऑन लाईन आवेदन करने की तिथि दिनांक 18.07.2024 से 25.07.2024 तक निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया।
2. विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों एवं विभागों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु जारी तृतीय वरीयता सूची के पश्चात भी अगर सीटे रिक्त रहती है तो उक्त महाविद्यालय/विभाग अंतिम वरीयता सूची दिनांक 16–18 जुलाई, 2024 को जारी कर 19–20 जुलाई, 2024 को दस्तावेजों की जाँच कर तथा प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थियों की फीस ऑन–लाईन माध्यम से दिनांक 19 से 21 जुलाई, 2024 तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर एन.ई.पी.–2020 स्कीम लागू हो जाने के कारण एवं संघटक महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने सत्र 2024–25 में निर्धारित सीटों से अधिक सीटे नहीं बढ़ाये जाने की राय व्यक्त की इस आधार पर समिति द्वारा संघटक महाविद्यालयों में सीटे नहीं बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया।
4. राजस्थान विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों एवं विभागों में सत्र 2024–25 में स्नातक/स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) एवं स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष साथ ही बी.टेक/एम.टेक एवं बी.ए. एल.एल.बी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रम (III/V/VII/IX Sem.) एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु पुनः प्रवेश की प्रक्रिया (Re-Admission) एवं ऑनलाईन माध्यम से फीस दिनांक 16.07.2024 से 25.07.2024 तक जमा करवाये जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया।
5. राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय (प्रातःकालीन) में सत्र 2024–25 में बार कौन्सिल ऑफ इण्डिया के नियमानुसार एल.एल.बी. (तीन वर्षीय) सेमेस्टर स्कीम पाठ्यक्रम में संचालित होगा, परन्तु विवरणिका–2024–25 में दिये गये शुल्क विवरण के आधार पर एल.एल.बी. (तीन वर्षीय) सेमेस्टर स्कीम पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थियों से वार्षिक फीस लिए जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से स्वीकृत है।

– Sd –

उप कुलसचिव

(शैक्षणिक–द्वितीय)

क्रमांक : शैक्षणिक द्वितीय/के.प्र.सं./2024/11569–615 दिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयोजक, केन्द्रीय प्रवेश समिति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. समस्त प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निदेशक इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त "कार्यालय आदेश" को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।
5. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. वरिष्ठ निजी सहायक, माननीया कुलपति/कुलसचिव राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

18.7.2024

उप–कुलसचिव

(शैक्षणिक–द्वितीय)